झारखण्ड विधान सभा

दैनिक विवरणिका

तृतीय झारखण्ड विधान सभा — नवम् सत्र (मानसून)

संख्या-02 — सोमवार दिनांक-3 सितम्बर, 2012 ई०।

समय-11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.40 बजे अप० तक ।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

1.विविध चर्चायें:-

क- माननीय अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करते ही पक्ष एवं विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी-अपनी जगह पर खड़े होकर कुछ कहने लगे जो स्पष्ट सुनाई नही दे रहा था।

ख- झारखण्ड विकास मोर्चा के सभी माननीय सदस्य स्लोगनयुक्त बैनर पहनकर नारेबाजी करने लगे,

ग- माननीय सदस्य श्री बंधु तिर्की, श्री जनार्दन पासवान, श्री बिनोद कुमार सिंह भी अपने-अपने हाथों में पोस्टर लेकर नारे लगाने लगे,

घ- माननीय सदस्य श्री बंधु तिर्की, श्री समरेश सिंह एवं श्री चंद्रशेखर दूबे आसन की ओर जाकर नारेबाजी करने लगे,

च- माननीय सदस्य श्री चंद्रशेखर दूबे अपने हाथ में कुछ कागजात लेकर कहने लगे कि अध्यक्ष गैर कानूनी ढंग से आसन पर बैठे हुए हैं, वे इस्तीफा दे दें,

छ- झारखण्ड विकास मोर्चा, कांग्रेस, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा, आजसू एवं विपक्ष के अन्य सभी माननीय सदस्य सदन की वेल में आकर नगड़ी मामले एवं अन्य ***यथा*** विस्थापन, पुनर्वास, भ्रष्टाचार, शहर में गिरती हुई विधि-व्यवस्था, पारा शिक्षकों द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने जैसी कतिपय माँगों को लेकर नारेबाजी करने लगे। इस बीच माननीय सदस्य —

(क्र० पृ०3०)

माननीय सदस्य श्री समरेश सिंह अपना कुर्त्ता फाड़ते हुए मुख्यमंत्री की ओर चले गये।

अव्यवस्था के माहौल को देखते हुए सदन की कार्यवाही 12.00 बजे मध्याह्न तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

स्थगनोपरांत

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

माननीय अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करते ही पूर्व की भाँति अव्यवस्था का माहौल व्याप्त हो जाने के कारण पुनः सदन की कार्यवाही 12.30 बजे अपराह्न तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

स्थगनोपरांत

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

माननीय अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करते ही पूर्व की भाँति पक्ष-विपक्ष के सभी माननीय सदस्य सदन की वेल में आकर पंचायतों को पूर्ण अधिकार देने तथा पारा शिक्षकों की मांगों के समर्थन में नारेबाजी करने लगे।

2. सभा के समक्ष प्रतिवेदनों का रखा जाना:-

दिनांक- 3.09.2012 एवं दिनांक- 4.09.2012 को वर्ष 2012-13 के प्रथम अनुपूरक पर 2.00 बजे अप० से चर्चा, सरकार का उत्तर, मतदान तथा एतद् सम्बन्धी विनियोग विधेयक के उपस्थापन एवं पारण एवं दिनांक- 5.09.2012 को 2.00 बजे अप० से तीन घंटे तक राज्य में सुखाड़, विस्थापन एवं पुनर्वास पर विशेष चर्चा सम्बन्धी दिनांक- 31 अगस्त, 2012 को हुई कार्य मंत्रणा समिति के बैठक का प्रतिवेदन संसदीय कार्य मंत्री द्वारा प्रस्तुत किया गया जो सभा द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ।

3. वित्तीय समितियों के गठन पर सहमति:-

पुकारे जाने पर संसदीय कार्य मंत्री, श्री हेमलाल मुर्मू द्वारा वर्ष- 2012-13 के लिए गठित झारखण्ड विधान सभा की वित्तीय समितियों क्रमशः लोक लेखा समिति, प्राक्कलन समिति एवं सरकारी उपक्रमों सम्बन्धी समिति के गठन पर घटनोत्तर स्वीकृति हेतु सहमति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया जो सर्वसम्मति से सभा द्वारा स्वीकृत हुआ।

4.वित्तीय कार्य

माननीय मंत्री, वित्त, श्री हेमन्त सोरेन द्वारा '' मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं समन्वय विभाग '' से सम्बन्धित मांग पेश की गयी। पुकारे जाने के बावजूद भी श्री निर्भय कुमार शाहाबादी, स० वि० स०, श्री चन्द्रशेखर त्रिपाठी, स० वि० स०, श्री बंधु तिर्की, स० वि० स० एवं श्रीमती अन्नपूर्णा देवी, स० वि० स० द्वारा कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया गया।

इस बीच पक्ष-विपक्ष के माननीय सदस्यों द्वारा वेल में भारी शोरगुल एवं नारेबाजी किये जाने के कारण अव्यवस्था के माहौल को देखते हुए सदन की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक- 04.09.2012 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

रांची,

दिनांक- 03 सितम्बर, 2012 ई०।

समरेन्द्र कुमार पाण्डेय,

प्रभारी सचिव,

झारखण्ड विधान सभा ।